अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय 74 वाँ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला–2026 दिनांक 14 नवम्बर, 2026 से 20 नवम्बर, 2026 तक आयोजित किया जाना है। जिसके सफल संचालन हेतु निम्न तालिका के अनुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि व समय	निविदा प्रपत्र डालने की तिथि व समय	निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि व समय	निविदा धरोहर धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1 2 3 4	मेला मैदान में झूला–चर्खी किड्स जोन के पास निर्धारित स्थल पर निम्न विशिष्टियों से युक्त Mini Mela Market (M Cube – M^3) का निर्माण किया जाना व संचालित किया जाना। निविदादाता द्वारा मेला समिति द्वारा निर्धारित भू–भाग में माप–100×65 फीट का जर्मन हैंगर स्थापित किया जाना। Mini Mela Market (M Cube–M^3) को फायर–प्रुफ व वाटर–प्रुफ बनाया जाना है। जिसमें सुसज्जित व सुव्यवस्थित दुकानों का संचालन निविदादाता द्वारा स्वयं किया जायेगा। जिनमें प्रकाश/विद्युत व्यवस्था स्वयं करनी होगी। मेला समिति के द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	रू 2000.00	17.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 26.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक मेलाधिकारी/तहसील कार्यालय कर्णप्रयाग से प्राप्त किये जा सकते हैं।	दिनांक 26.10.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 26.10.2026 अपराहन 1:00 बजे तक मेलाधिकारी/तहसील कार्यालय में स्थापित निविदा बॉक्स में डाले जायेगें।	दिनांक 26.10.2026 को अपराहन 02:00 निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी।	रू0 50,000.00 (पचास हजार रूपये मात्र) निविदाओं के साथ वाँछित धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ0डी0आर0 या डिमान्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) अथवा डाकघर पासबुक जो कि उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला–2026 के पक्ष में बन्धक रखते हुए **मूल रूप** में संलग्न करना आवश्यक है।

निविदा–दाताओं द्वारा नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। मेला समिति/अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए निविदा को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। उक्त कार्य के समस्त विवरण एवं शर्तें निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही निविदा की शर्तो व अन्य जानकारी गौचर मेला–2026 की अधिकारिक बेब साइट website- gauchermela.in से प्राप्त की जा सकती है।

मेलाधिकारी/उप जिलाधिकारी
कर्णप्रयाग।

उप जिलाधिकारी/
मेलाधिकारी
गौचर कर्णप्रयाग

कार्यालय उपजिलाधिकारी, कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला–2026

E-Mail Id- gaucharmela@gmail.com
Website- gauchermela.in
Mob. No-01363-244206

पत्रांक– 31 /ना0ना0– 74 वॉ गौचर मेला/दुकान स्टॉल निर्माण टेण्डर/2026–27
दिनांक 16 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रभारी अधिकारी नजारत, जिला कार्यालय चमोली, कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी चमोली, समस्त उप जिलाधिकारी कार्यालय/तहसील कार्यालय जनपद चमोली, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत चमोली, समस्त खण्ड़ विकास अधिकारी कार्यालय जनपद चमोली, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत जनपद चमोली, को नोटिस बोर्ड पर उक्त निविदा आमत्रंण सूचना चस्पा किये जाने हेतु ।
2. जिला सूचना अधिकारी चमोली (गोपेश्वर) को इस आशय से प्रेषित कि उक्त संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार करने का कष्ट करें
3. सम्पादक, अमर उजाला एवं दैनिक जागरण को इस आशय से प्रेषित कि निविदा सूचना को प्रादेशिक संस्करण में न्यूनतम आकार में न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशित करते हुए जिला सूचना अधिकारी से बिल सत्यापित करवाते हुए भुगतान हेतु दो प्रतियों में अखबार की कटिंग सहित उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

मेलाधिकारी/उप जिलाधिकारी
कर्णप्रयाग।

उप जिलाधिकारी/
मेलाधिकारी
गौचर कर्णप्रयाग

74–वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला–2026
हेतु Mini Mela Market (M Cube – M³) हेतु आमंत्रित निविदा के कार्य एवं शर्तों का विवरण

दिनांक 14 नवम्बर, 2026 से 20 नवम्बर, 2026 तक राज्य स्तरीय 74–वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला, 2026 स्थान गौचर (जनपद चमोली) में मेला मैदान में झूला–चर्खी स्थल के पास निर्धारित स्थल पर विशिष्टियों से युक्त Mini Mela Market (M Cube – M³) का निर्माण किये जाने व संचालित किये जाने हेतु तकनीकी निविदा, वित्तीय निविदा व अन्य कार्यों हेतु विभिन्न शर्तें निम्न प्रकार निर्धारित की गई हैं–

तकनीकी निविदा हेतु अनिवार्य शर्तें –

01. निविदादाता/फर्म का विगत तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष का वार्षिक टर्न–ओवर धनराशि रू0 1,00,00000.00 (रू0 एक करोड़ मात्र) अथवा उससे अधिक होना आवश्यक है। जिसके लिये इस आशय का प्रमाण, अभिलेख संलग्न करना आवश्यक होगा।
02. विगत तीन वित्तीय वर्षों (2023–24, 2024–25 तथा 2025–26) की ऑडिट बैलेंस सीट की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
03. निविदादाता/फर्म को तकनीकी निविदा के साथ विगत तीन वर्षों (2023–24, 2024–25 तथा 2025–26) के आयकर विवरणी, जो कि आयकर विभाग में जमा हो, की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
04. निविदादाता/फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नम्बर, पेन नम्बर, बैंक का नाम तथा खाता संख्या, आई0एफ0एस0सी0 कोड तथा फर्म का आयकर पंजीकरण नम्बर, यदि व्यक्तिगत हो, तो फर्म के साथ साझेदारी/प्रोपराइटर निविदा की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
05. फर्म का EPF और ESIC रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
06. निविदादाता/फर्म के प्रोपराइटरों का उत्तराखण्ड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में नवीनतम स्थायी प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
07. जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी द्वारा निर्गत वैध/नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
08. निविदादाता द्वारा पूर्व में आयोजित राज्य स्तरीय मेलों/कार्यक्रमों में इस प्रकार के Mini Mela Market (M Cube – M³) की स्थापना व संचालन का 03 तीन वर्षो का अनुभव होना आवश्यक है। इस संबंध में अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार ऐसे कार्यों के संचालन के फोटोग्राफ/वीडियोग्राफ समिति के समक्ष दिखाया जाना होगा।
09. निविदादाता/फर्म को किसी भी सरकारी विभाग द्वारा Black Listed नहीं किया गया हो, इस आशय का शपथ पत्र धनराशि रू0 100.00 (रू0 सौ मात्र) के नॉन–ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर संलग्न करना होगा।
10. निविदादाता/फर्म को तकनीकी निविदा के साथ निविदा सूचना के कालम संख्या–07 के अनुसार धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ0डी0आर0 या डिमान्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) अथवा डाकघर पासबुक, जो उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला के पक्ष में बन्धक रखते हुए ***मूल रूप*** में संलग्न करना होगा।
11. सफल निविदादाता जिसके पक्ष में संविदा की जायेगी, को कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि रू0 1,50,000.00 (एक लाख पचास हजार रूपये मात्र) की एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ0डी0आर0 या डिमान्ड ड्राफ्ट (डी0 डी0) अथवा डाकघर पासबुक जो उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/मेलाधिकारी गौचर मेला के पक्ष में बन्धक रखते हुए, तीन दिन के अन्तर्गत **मूल रूप** में प्रस्तुत करना होगा।
12. मेलाध्यक्ष/जिलाधिकारी चमोली के द्वारा किसी भी समय बिना सूचित किये निविदा प्रक्रिया निरस्त करने का अधिकार होगा।
13. तकनीकी निविदा (प्रारूप–1) एवं वित्तीय निविदा (प्रारूप–2) निविदा हेतु निर्धारित प्रारूपों पर प्रस्तुत करते हुए शर्तो में उल्लिखित दस्तावेज/अभिलेख पृथक–पृथक लिफाफों में बन्द कर जमा करना अनिवार्य होगा तथा तकनीकी निविदा से सम्बन्धित लिफाफे के बाहर "**तकनीकी निविदा**" तथा वित्तीय निविदा से सम्बन्धित लिफाफे के बाहर "**वित्तीय निविदा**" अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

अन्य आवश्यक शर्तें –

01. निविदादाता/फर्म को अपना नाम, पता, व्यापार का स्थान, दूरभाष नंम्बर, मोबाईल नम्बर, ई–मेल आदि दर्ज करना आवश्यक होगा।
02. निविदा आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क धनराशि रू0 2,000.00 जमा करके प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.10.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 26.10.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 26.10.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक इसी कार्यालय में स्थापित निविदा बॉक्स में डाले जा सकते हैं। निविदा उसी दिन दिनांक 26.10.2026 को अपराह्न 02:00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। अहस्ताक्षरित/अपूर्ण निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
03. वित्तीय निविदा में उल्लिखित विभिन्न कार्यों की दरें सभी प्रकार के कर, लाईसेन्स, मजदूरी, ढुलाई, लोडिंग/अनलोडिंग आदि सहित दी जायेगी। निर्धारित स्थान पर सामग्री पहुँचाने के लिए किसी भी प्रकार कोई अतिरिक्त व्यय अनुमन्य नहीं होगा।
04. 74–वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला 2026 में Mini Mela Market (M Cube – M³) के लिये निर्धारित भू–भाग हेतु मूल कीमत (Base Price) रू0 9,50,000.00 (नौ लाख, पचास हजार रूपये) से कम नहीं होगी।
05. **मेला समिति द्वारा सभी निविदादाताओं में से उच्चतम अंकित धनराशि वाली निविदा स्वीकार की जायेगी।**
06. वित्तीय निविदा धनराशि का अंकन शब्दों एवं अंको दोनों में होना अनिवार्य है। यदि इसमें कोई अन्तर आता है तो शब्दों में लिखी गयी धनराशि को ही अन्तिम माना जायेगा
07. निविदादाता को निर्धारित मानक व विशिष्टताओं के अनुसार ही कार्य करना होगा। यदि कार्य मानक व विशिष्टताओं के अनुसार नही किया गया तो ऐसी दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही संस्थित की जायेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा।
08. अस्पष्ट, ओवर राईटिंग एवं बिना हस्ताक्षर वाले तथा अपूर्ण निविदा प्रपत्र पर विचार नही किया जायेगा। निर्धारित शर्तो का पालन न करने तथा किसी भी सूचना को छिपाये जाने की दशा में निविदा किसी भी समय निरस्त करने तथा धरोहर राशि व कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि को जब्त कर ली जायेगी।
09. उपर्युक्त निविदा की शर्तों के विषय में किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में जिलाधिकारी महोदय चमोली/मेलाध्यक्ष, गौचर मेला–2026 का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा।

10. सफल निविदादाता को छोड़कर शेष निविदादाताओं को धरोहर धनराशि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर तत्काल वापस कर दी जायेगी।
11. सफल निविदादाता/फर्म को निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् सम्पूर्ण धनराशि 07 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। इस हेतु रू0–100.00 (एक सौ रूपये) के नॉन–ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर तत्काल अनुबन्ध करना आवश्यक होगा।
12. निविदादाता द्वारा कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व प्रस्तावित कार्य का वीडियो डाक्यूमेन्टेशन दिखाया जाना अनिवार्य होगा।
13. Mini Mela Market (M Cube – M³) का संचालन करने से पूर्व मेला समिति के द्वारा गठित तकनीकी जांच समिति से तकनीकी जांच कराते हुए प्रमाण पत्र मेलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
14. मेले में Mini Mela Market (M Cube – M³) परिसर में किसी भी प्रकार के अनावश्यक साउण्ड सिस्टमों का प्रयोग नहीं किया जायेगा। मा0 न्यायालयों द्वारा समय–समय पर पारित निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
15. Mini Mela Market (M Cube – M³) में भीड़ नियन्त्रित किये जाने हेतु सुव्यवस्थित रूप से दुकानों का संचालन करना होगा।
16. दिनांक 14.11.2026 से दिनांक 20.11.2026 तक Mini Mela Market (M Cube – M³) परिसर में समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाईटिंग कार्य व सजावट करना होगा। जिस हेतु निविदादाता को स्वयं जनरेटर की व्यवस्था ईंधन सहित करनी होगी।
17. Mini Mela Market (M Cube – M³) के प्रवेश व निकास द्वारों पर एवं मार्केट क्षेत्र में मेला समिति के द्वारा स्वीकृत संख्या में व अनुमोदित थीम आधारित फ्लैक्स/बैनर लगाये जाने होंगे। जिनमें जनपद चमोली की विभिन्न लोकप्रिय व ख्याति प्राप्त स्थानों, सामाजिक परम्पराओं, मान्यताओं जैसे नन्दा राजजात, रम्माण, फूलों की घाटी, खान–पान इत्यादि विशिष्टताओं को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना होगा।
18. Mini Mela Market (M Cube – M³) के परिसर में समुचित पब्लिक एड्रेस सिस्टम/साउण्ड सिस्टम स्थापित करना होगा।
19. Mini Mela Market (M Cube – M³) के परिसर को पूर्णतः **वाटर–प्रूफ व फायर–प्रूफ** तैयार करना होगा।
20. सफल निविदादाता को स्वीकृति के उपरान्त उपरोक्त अंकित समस्त कार्यों को तत्काल प्रारम्भ कर सभी निर्दिष्ट कार्यों को दिनांक 12–11–2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करना होगा।
21. Mini Mela Market (M Cube – M³) के परिसर का धनराशि **रू0 30,00,000.00 (तीस लाख रूपये मात्र)** का इन्श्योरेन्स भी निविदादाता के स्वयं के द्वारा कराया जाना अनिवार्य होगा।
22. निविदादाता को मेला मैदान पर मेला समाप्ति के उपरान्त Mini Mela Market (M Cube – M³) के परिसर दो दिन अन्दर दिनांक 22.11.2026 को सांय 05:00 बजे तक प्रत्येक दशा में मेला मैदान से हटा कर मेला मैदान खाली करना होगा। अन्यथा कि दशा में मेला समिति द्वारा अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।
23. निविदादाता को मेला समिति द्वारा चिन्हित/आवंटित भू–भाग की बैरीकेटिंग व्यवस्था स्वंय करनी होगी, जो प्रत्येक दशा में दिनांक 12.11.2026 के अपरान्ह् 02:00 बजे तक पूर्ण कर सूचना मेलाधिकारी गौचर मेला को उपलब्ध करानी होगी।
24. मेला परिसर में पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित है तथा पकड़े जाने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथोचित अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए तत्काल वसूल किया जायेगा।
25. Mini Mela Market (M Cube – M³) परिसर में सट्टा–जुआ सम्बन्धी स्टॉल नहीं लगाये जायेगें व अवैध मादक पदार्थों की विक्री पूर्णरूप से प्रतिबन्धित होंगीं।
26. Mini Mela Market (M Cube – M³) परिसर में जन सुरक्षा व भीड़ प्रबन्धन के दृष्टिगत प्रवेश द्वार–खुले व चौड़े रखे जायेगें।
27. Mini Mela Market (M Cube – M³) परिसर में सुरक्षा के दृष्टिगत प्रवेश द्वार व मुख्य–मुख्य स्थानों पर सी0सी0टी0वी0 लगाये जाने आवश्यक होगा।
28. Mini Mela Market (M Cube – M³) परिसर में भोजन/खान–पान सम्बन्धी कोई भी दुकान/स्टॉल संचालित नहीं किये जायेगें।साथ ही परिसर में गैस सिलेण्डर इत्यादि ज्वलनशील सामग्री का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित होगा।
29. Mini Mela Market (M Cube – M³) परिसर में व्यापारी/दुकानदारों के नाम, पता मोबाइल नम्बर इत्यादि का पुलिस सत्यापन कराया जाना आवश्यक होगा। समय–समय पर मेला समिति हो उनकी नामों की सूची उपलब्ध कराया जाना होगा।
30. निविदादाता द्वारा Mini Mela Market (M Cube – M³) परिसर हेतु आवंटित भू–भाग का सम्पूर्ण उपयोग उसी कार्य के लिये ही किया जायेगा जिस प्रयोजन के लिये भू–भाग उसे आवंटित/स्वीकृत किया गया है। उल्लंघन पाये जाने पर रू0 2,00,000.00 (दो लाख रूपये मात्र) का अर्थदण्ड़ अधिरोपित किया जायेगा। जिसकी वसूली तत्काल की जायेगी।
31. Mini Mela Market (M Cube – M³) परिसर में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित सफल निविदादाता/फर्म की होगी। दुर्घटना क्षतिपूर्ति की धनराशि सम्बन्धित निविदादाता/फर्म को देनी होगी, इस आशय का शपथ पत्र रू0–100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर अनिवार्य रूप से देना होगा।
32. मेलाधिकारी/मेला समिति के द्वारा आवश्यकतानुसार समय–समय पर Mini Mela Market (M Cube – M³) परिसर का निरीक्षण किया जायेगा।
33. मेलाधिकारी/मेला समिति के द्वारा आवश्यकतानुसार समय–समय पर सौंपे गये अन्य समस्त आकस्मिक कार्य भी तत्काल करने होंगे।

दिनांक–16 अक्टूबर, 2026
स्थान– कर्णप्रयाग।

(अलकेश नौडियाल)
उप जिलाधिकारी, कर्णप्रयाग/
मेलाधिकारी, गौचर मेला

उप जिलाधिकारी/
मेलाधिकारी
गौचर कर्णप्रयाग

प्रारूपः–01 (तकनीकी निविदा प्रपत्र)

निविदा फार्म संख्या.....दिनांक.....

निविदा फार्म शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार रूपये मात्र)

राज्य स्तरीय 74–वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला–2026 में मेला मैदान में Mini Mela Market (M Cube – M^3) हेतु तकनीकी निविदा प्रपत्र का प्रारूप

श्रीमान,

उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग/
मेलाधिकारी गौचर मेला।

नवीनतम फोटो

1. निविदादाता/फर्म का नाम –.....
2. स्थाई पता–.....
3. पत्राचार का पता–.....
   पिन कोड नम्बर.....फोन/मोबाईल नम्बर.....
4. जी0एस0टी0 नम्बर.....पैन कार्ड नम्बर.....(छाया प्रति संलग्न करे)
5. जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी द्वारा निर्गत वैध/नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र संख्या..... ... दिनांक ..... (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)
6. विगत तीन वित्तीय वर्षो (2023–24, 2024–25, 2025–26) की आयकर विवरणी जो आयकर विभाग में जमा हो। (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)
7. विगत तीन वर्षों (2023–24, 2024–25, 2025–26) का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (छायाप्रतियां संलग्न करें)।
8. धरोहर राशि का एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंकों एफ.डी.आर. या ड़िमाण्ड ड्राफ्ट (ड़ी.डी.) संख्या अथवा ड़ाकघर पासबुक संख्या.....दिनांक.....रू0 ....

हस्ताक्षर निविदादाता

घोषणा पत्र

मेरे द्वारा आवेदन फॉर्म/निविदा प्रपत्र के साथ निविदा की सभी शर्तो की सूची प्राप्त कर ली गई है और उसे मेरे द्वारा भली भांति पढ़ लिया गया है। मैं सभी कार्यो एवं शर्तो का पूर्ण रूप से पालन करूंगा और निविदा में अंकित सभी कार्य निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण करूंगा। यदि मेरे द्वारा निविदा में अंकित कार्य निर्धारित शर्तो के अनुसार पूर्ण नहीं किया जाता है या उसमें किसी प्रकार की कोई अनियमितता पायी जाती है तो मेला समिति मेरी धरोहर राशि एवं कार्यपूर्ति प्रतिभूति राशि को जब्त कर मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाही कर सकती है तथा उक्त कार्य किसी अन्य व्यक्ति/फर्म से करा सकती है, जिसमे मुझे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी।

दिनांक / /2026

हस्ताक्षर निविदादाता

प्रारूप–02 (वित्तीय निविदा प्रपत्र)

निविदा फार्म संख्या .....दिनांक .....

निविदा फार्म शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार रूपये मात्र)

राज्य स्तरीय 74–वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेला–2026 में मेला मैदान में Mini Mela Market (M Cube – M^3) हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र का प्रारूप

1. कमांक.....
2. दिनांक.....
3. निविदादाता/फर्म का नाम.....
4. निविदादाता/ फर्म का स्थाई पता.....
5. निविदादाता/फर्म का पत्राचार का पता.....
6. निविदादाता/फर्म का दूरभाष/मोबाइल न0 .....
7. निविदादाता/फर्म का ई–मेल पता.....

निविदा की कुल धनराशि (रुपयों में) (जी0एस0टी0 व समस्त करों सहित)	**अंकों में–**
	शब्दों में–

नोटः– वित्तीय निविदा से सम्बन्धित प्रारुप पृथक लिफाफे में बन्द कर जमा करना होगा। जिस पर बाहर से **"वित्तीय निविदा"** अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

निविदादाता/फर्म की मोहर–

हस्ताक्षर–

हस्ताक्षर करने वाले का पूरा नाम–
पूरा पता–
दूरभाष/मो0 न0–